दिनांकः 29.03.2026
समय : 18.30 पीएम

आकाषवाणी जयपुर–अजमेर

प्रादेषिक समाचार

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पश्चिम एशिया की स्थिति से उत्पन्न ऊर्जा चुनौतियों से सफलतापूर्वक बाहर निकलने का विश्वास प्रकट किया।

- आकाशवाणी से 'मन की बात' कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने सौर ऊर्जा का अधिक से अधिक उपयोग करने पर जोर दिया–जयपुर के किसान मुरलीधर के जीवन में सोलर पम्प से आए बदलाव का जिक किया।

- मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने आरएएस परीक्षा–2023 में चयनित नवनियुक्त लोकसेवकों से संवाद किया।

- प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर पश्चिमी विक्षोभ के असर से एक अप्रैल तक आंधी–बारिश का दौर चलने का पूर्वानुमान।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि पश्चिम एशिया की स्थिति ने भारत की ऊर्जा जरूरतों के लिए चुनौती उत्पन्न कर दी है। आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में श्री मोदी ने कहा कि यह मुश्किल समय है। उन्होंने देशवासियों से एकजुट रहने और अफवाहों से बचने की सलाह दी है। श्री मोदी ने कहा कि भारत परिस्थितियों का डटकर मुकाबला कर रहा है।

....................

प्रधानमंत्री मोदी ने भारत की महान संस्कृति और विरासत को दिखाने के लिए लोगों की भागीदारी की भावना को दिखाने वाले ज्ञान भारतम सर्वे पर ज़ोर दिया। उन्होंने राजस्थान के अभय जैन सहित अन्य राज्यों के लोगों का ज़िक्र किया जिन्होंने पांडुलिपियों के जरिए देश की धरोहर को संरक्षित करने में भूमिका निभायी है।

.........................

प्रधानमंत्री ने कहा कि माई भारत, राष्ट्र–निर्माण की ज़िम्मेदारी को पूरा करने में बड़ी भूमिका निभा रहा है। श्री मोदी ने कहा कि देश के कई हिस्सों में गर्मी शुरू होने के साथ ही, पानी बचाने के लिए फिर से प्रतिबद्ध होने का समय आ गया है।

........................

प्रधानमंत्री ने सोलर पैनल्स और पी.एम. सूर्यघर बिजली योजना की बात करते हुए जयपुर में मुरलीधर का उल्लेख किया और सोलर अपनाकर खेती करने पर उनकी सराहना की।

...................

प्रदेश में भी मन की बात कार्यक्रम को लेकर उत्साह नजर आया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जयपुर जिले के जमवारामगढ के पीएमश्री विद्यालय में आमलोगों के साथ मन की बात कार्यक्रम

सुना। इसके बाद उन्होंने ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार ने किसानों और युवाओं के हित में कई फैसले लिये हैं। श्री शर्मा ने कहा कि युवाओं को स्वरोजगार के लिए प्रेरित करने के लिए सरकार एक करोड़ रूपये तक के ऋण पर बैंक गारंटी दे रही है।

..................

केन्द्र सरकार ने कहा है कि देशभर के सभी पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल और डीजल का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है। सरकार ने जनता से अफवाहों पर विश्वास न करने की अपील दोहराई है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने कहा है कि उपभोक्ताओं को सहयोग देने के लिए, पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क 10 रुपये प्रति लीटर घटा दिया गया है। घरेलू उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए विमानन टरबाइन ईंधन पर निर्यात शुल्क भी लगाया गया है। मंत्रालय ने कहा है कि घरेलू एलपीजी की आपूर्ति सामान्य बनी हुई है। प्रतिदिन 55 लाख से अधिक सिलेंडर वितरित किए जा रहे हैं। घरों और परिवहन के लिए प्राकृतिक गैस को प्राथमिकता दी जा रही है, जबकि पीएनजी कनेक्शनों का तेजी से विस्तार किया जा रहा है। मार्च में, घरेलू और वाणिज्यिक सहित दो लाख 90 हजार से अधिक नए कनेक्शनों को पीएनजी से जोड़ा गया है।

इस बीच प्रदेश में एलपीजी, पेट्रोल–डीजल के समुचित वितरण के लिए राज्य सरकार माकूल इंतजाम कर रही है। साथ ही प्रशासन की ओर से लोगों को अफवाहों से बचने का अनुरोध किया जा रहा है। भीलवाड़ा जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने कहा कि जिले में एलपीजी, पेट्रोल–डीजल की पर्याप्त उपलब्धता है, कहीं कोई कमी नहीं है। स्थिति को सामान्य बनाये रखने के लिए जिला प्रशासन द्वारा गैस एजेन्सियों को ओटीपी आधारित होम डिलेवरी व्यवस्था लागू करने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं जालौर जिले में रसद विभाग ने सभी उपभोक्ताओं से पेट्रोल–डीजल का अनावश्यक भण्डारण नहीं करने की अपील की है।

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने आज आरएएस परीक्षा–2023 में चयनित नवनियुक्त लोकसेवकों से संवाद किया। जयपुर के बिरला सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास, पुलिस महानिदेशक राजीव शर्मा और विभिन्न अधिकारी भी मौजूद रहे। श्री शर्मा ने अपने सम्बोधन में नवनियुक्त अधिकारियों से जनहित को सर्वोपरि रखने का आह्वान किया।

..................

इससे पहले मुख्यमंत्री ने जयपुर संत संसद कार्यक्रम को भी सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि संतों का जीवन विश्व कल्याण के लिए समर्पित होता है। इस अवसर पर गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढ़म, विधायक बालमुकुन्दाचार्य सहित बड़ी संख्या में साधु–संत मौजूद रहे।

प्रदेश के आर्थिक और सांख्यिकी निदेशालय की ओर से तैयार किये गए फूड एण्ड न्यूट्रिशन सिक्योरिटी एनालिसिस डैशबोर्ड को प्रतिष्ठित स्कॉच गोल्ड अवार्ड 2025 से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान कल नई दिल्ली के नेशनल हैबिटेट सेंटर में आयोजित एक समारोह में प्रदान किया गया। राज्य की ओर से यह पुरस्कार निदेशालय के सहायक निदेशक डॉ. प्रवीण कुमार ने ग्रहण किया। उल्लेखनीय है कि यह डैशबोर्ड राज्य में खाद्य और पोषण सुरक्षा की स्थिति का जिलेवार आकलन प्रस्तुत करता है। विश्व स्तर पर स्थापित मानकों के आधार पर तैयार यह प्लेटफॉर्म नीति–निर्माताओं और प्रशासनिक अधिकारियों को सटीक तथा विस्तृत विश्लेषण उपलब्ध कराता है, जिससे योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में सहायता मिलती है।

प्रदेश में पश्चिम विक्षोभ के असर से एक अप्रैल तक आंधी, बारिश का दौर चलने के आसार हैं। इसके असर से उदयपुर, कोटा संभाग के कुछ हिस्सों में तेज मेघगर्जन, ओलावृष्टि और कहीं–कहीं हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग ने आज से कई जगह आंधी चलने और रूक–रूक कर बारिश होने की चेतावनी जारी की है। इस बीच आज विभिन्न स्थानों पर मौसम का मिज़ाज बदला नजर आया। बाड़मेर में तेज आंधी चली। पाली में बादल छाए हुए हैं। हनुमानगढ़ में कई स्थानों पर हल्की बूंदा–बांदी हुई।

पश्चिम मध्य रेलवे के कोटा मण्डल के स्थापना दिवस के अवसर पर एक अप्रैल को रेल प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। मेनाल ऑफिसर्स क्लब में आयोजित होने वाली इस प्रदर्शनी में इंजीनियरिंग, वाणिज्य, रेलवे सुरक्षा बल, सिग्नल और दूरसंचार, विद्युत, यांत्रिक और परिचालन सहित विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए जाएंगे। इन स्टॉलों पर कार्यशील मॉडल, डिजिटल स्क्रीन और इंटरैक्टिव माध्यमों से जानकारी दी जाएगी। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ जैन ने बताया कि प्रदर्शनी सुबह 11 बजे से रात 10 बजे तक खुली रहेगी। प्रदर्शनी के प्रमुख आकर्षणों में कवच 4.0 स्वचालित ट्रेन सुरक्षा प्रणाली, अमृत भारत स्टेशन योजना जैसी पहलें शामिल होंगी।

भीलवाड़ा जिले के जहाजपुर क्षेत्र में नाथून गांव के पास दो मोटरसाईकिलों में टक्कर होने से तीन युवकों की मौके पर ही मृत्यु हो गई। इस हादसे में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे जहाजपुर के अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

प्रदेश में नये वित्तीय वर्ष की शुरूआत के साथ ही 1 अप्रैल से स्कूलों, आंगनबाडी और अस्पतालों का समय बदल जायेगा। ये समय 30 सितम्बर तक रहेगा। शिविरा पंचाग के अनुसार एक पारी में चलने वाले स्कूल सुबह साढे सात बजे से दोपहर एक बजे तक और दो पारी में चलने वाले स्कूलों का समय सुबह सात बजे से शाम 6 बजे तक रहेगा। वहीं आंगनबाडी केन्द्र सुबह 8 बजे से दोपहर

2 बजे तक खुले रहेंगे। सरकारी अस्पतालों में ओपीडी का समय सुबह 8 बजे से 2 बजे तक रहेगा। राजकीय अवकाश के दिन ओपीडी सुबह 9 बजे से 11 बजे तक रहेगी।

अजमेर के हाथीखेडा क्षेत्र में बालिका सैनिक स्कूल की स्थापना की जाएगी। ये स्कूल 30 एकड भूमि में 20 करोड़ रूपये की लागत से बनाया जायेगा। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कल अजमेर में शिक्षा विभाग के अधिकारियों की बैठक में सैनिक स्कूल की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने बताया कि जल्द ही इसके लिए वर्कऑर्डर जारी किया जायेगा।